348
6/11/14

**श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंह (भा0 प्र0 से0), जिला पदाधिकारी मुंगेर की अध्यक्षता में दिनांक 14.10.2014 को आयोजित कृषि टास्क फोर्स बैठक की कार्यवाही:-**

उपस्थिति:- यथा पंजी में संधारित

दिनांक 14.10.2014 को जिला पदाधिकारी मुंगेर द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में कृषि टास्क फोर्स की बैठक की गयी जिसमें जिला कृषि पदाधिकारी मुंगेर प्रखंड भ्रमण में जाने के कारण में उनका प्रतिनिधित्व अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, (सां) मुंगेर द्वारा किया गया। बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा निम्न प्रकार की गयी।

1. कृषि

**(i) वर्षापात/आच्छादन:-** जिला पदाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम कृषि विभाग की समीक्षा करते हुये फसल स्थिति की जानकारी लिए जाने पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, (सां) द्वारा वताया गया कि माह अक्टुबर में 82.2 मि0मी0 सामान्य वर्षापात के विरूद्ध अभीतक 30.2 मि0मी वर्षा हुई है किंतु गत माह में समय-समय पर अच्छी वारिस होते रहने से फसल की स्थिति सामान्य है।

**(ii) उर्वरक,बीज एवं कीटनाशी :-** अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, (सां), द्वारा वताया गया कि बीज एवं कीटनाशी की कमी नही है। उर्वरक विक्रेताओ के यहाँ यूरिया-290. 5, डी0ए0पी-615.40, एन0पी0के0-37.00, एवं एम0ओ0पी0-57.00, मै0 टन मात्र उपलब्ध है। अप्रैल 2014 से अक्टुबर 2014 तक यूरिया 8225, डी0ए0पी0-2600, एन0पी0के0-1200, एम0ओ0पी0-625 एवं एस0एस0पी-20 मै0 टन लक्ष्य के विरूद्ध अभीतक क्रमशः-6609.60, 1971.9, 304.5, 606.3, 39.6 मै0 टन उर्वरक प्राप्त हुआ है जिसपर जिला पदाधिकारी महोदय द्वारा विक्रेताओ के यहाँ उर्वरको का नियमित सत्यापन के साथ समुचित वितरण एवं कालाबजारी पर नियंत्रण रखने का निदेश दिया गया।

**(iii) कृषि यांत्रिकरण :-** अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, (सां), द्वारा वताया गया कि जिले को वर्ष 2014-15 मे क्रमशः 3838 एवं 238.89 भौतिक और वितीय लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसके लिए निदेशानुसार कृषको से ऑन लाईन आवेदन प्राप्त कर स्वीकृत पत्र निर्गत किया जा चुका है। कृषि यांत्रिकरण मेला दिनांक-16-17.10.2014 को निर्धारित है जिसके लिए आवश्यक तैयारी की जा चुकी है।

6/11/14

**(iv) मिट्टी जॉच अभियान :-** मिट्टी जॉच अभियान 2014 अर्न्तगत संग्रहित 7016 के विरूद्ध अभीतक-3367 मिट्टी नमूना का विश्लेषण के साथ 6098 नमूना पंजीकृत किया गया है।

**(v) रब्बी महोत्सव 2014 :-** रब्बी महोत्सव की तैयारी की जानकारी लिए जाने पर अनुमंडल कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि दिनांक-11.10.2014 को राज्य स्तरीय क्रमशाला के पश्चात निर्धारित तिथि दिनांक-13.10.2014 को जिला स्तरीय क्रमशाला किया जा चुका है। उक्त अभियान के ताहत दिनांक-15 से 22 अक्टुबर 2014 तक प्रथम एवं 5 से 22 नबम्बर 2014 तक द्वितीय प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण-सह-उपादान वितरण का तिथि निर्धारित है जिसकी तैयारी की जा रही है।

**(vi) डीजल अनुदान :-** डीजल अनुदान की समीक्षा में अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, (सां), द्वारा वताया गया कि जिले के विभिन्न प्रखंडो मे अभीतक 6640 आवेदन प्राप्त हुआ है जिसमें सदर मुंगेर, बरियारपुर, धरहरा, जमालपुर, ह0 खड़गपुर, असरगंज, तारापुर, संग्रामपुर एवं टे0 बम्बर से क्रमशः 27,225, 1,17,450, 1,01,312, 1,24,750, 9,24,000, 9,075,00, 12,88,600, 9,53,042,

8,49,750 लाख रू0 कोषागार से निकासी हुई है जिसमे से सदर मुंगेर, बरियारपुर, धरहरा, जमालपुर, असरगंज, तारापुर एवं संग्रामपुर में प्रथम चरण का वितरण कार्य पूर्ण हो गया है और टेटिया बम्बर, एवं ह0 खड़गपुर में वितरण कार्य अभी चल रहा है। बरियारपुर, असरगंज, जमालपुर एवं तारापुर प्रखंड से क्रमशः 4,25,800, 5,42,625, 2,72,924 एवं 8,56,995 रू0 अतिरिक्त राशि की मॉग की गई है किन्तु और प्रखंडो से इस संबध मे कोई सूचना नही है जिसके लिए पत्राचार किया गया है। जिला पदाधिकारी, द्वारा सभी प्रखंडो से अतिरिक्त राशि की अधियाचना प्राप्त कर संकलित प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया।

<u>सिचाई एवं नलकूप</u> :– कार्यपालक अभियंता सिचांई प्रमडल तारापुर द्वारा वताया गया कि सभी नहरो में अंतिम छोर तक पानी पहुँच गया है। नलकुप की समीक्षा में कार्यपालक अभियंता नलकूप ने बताया गया कि जिले में 26 नलकूप कार्यरत है जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि समय–समय पर नहरो के बांध एवं नलकूप की समीक्षा करते हुये प्रतिवेदित करे।

2. <u>विद्युत</u> :– कार्यपालक अभियंता विद्युत बैठक में उपस्थित नही हुए जिससे उनके विभाग की समीक्षा की जा सकी।

3. <u>उद्यान</u> :– सहायक निदेशक उद्यान के प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि सघन बागवानी (आम) एवं राष्ट्रीय बागवानी मिशन के योजनाओ का लक्ष्यानुसार पौध कृषको के बीच वितरण पूर्ण कर दिया गया है जिसपर जिला पदाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 के लक्ष्य एवं लाभुक कृषको की सूची उपलब्ध कराया जाय।

बैंठक में उपस्थित पशुपालन,मत्स्य, आत्मा एवं गंगा पम्प नहर विभाग के प्रतिवेदनो की भी समीक्षा की गई जिन्हे विभागीय निदेशानुसार कार्य करते हुए शत् प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति का निदेश दिया गया।

अन्त में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैंठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

| | | |
|---|---|---|
| | | विश्वासभाजन |
| जिला कृषि पदाधिकारी<br>–सह–सदस्य सचिव<br>मुंगेर 1/11/14 | उप विकास आयुक्त<br>–सह– उपाध्यक्ष<br>मुंगेर | जिला पदाधिकारी 1.11.14<br>–सह– अध्यक्ष<br>मुंगेर। |

ज्ञापांक 1433 /कृषि/मुंगेर दिनांक–5.11.14

प्रतिलिपि:–सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि:–अनुमंडल पदाधिकारी सदर मुंगेर/तारापुर/ह0 खडगपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाई हेतु प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी<br>–सह– सदस्य सचिव 5/11/14<br>मुंगेर।

ज्ञापांक 1433/कृषि/मुंगेर दिनांक– 5.11.14
प्रतिलिपि– आयुक्त मुंगेर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक 1433/कृषि/मुंगेर दिनांक– 5.11.14
प्रतिलिपि–निदेशक पी0पी0एम0/कृषि निदेशक बिहार पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।

ज्ञापांक 1433/कृषि/मुंगेर दिनांक– 5.11.14
प्रतिलिपि–प्रधान सचिव/कृषि उत्पादन आयुक्त, बिहार पटना की सेवा में सूचनार्थ अग्रसारित।

जिला कृषि पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव
मुंगेर।